## हवाई पट्टी विस्तार के लिए प्रयास तेज होंगे

### उद्योग विभाग, एमपीआईडीसी एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न, कलेक्टर ने निर्देश दिए फर्नीचर क्लस्टर विस्थापन की कार्यवाही करें

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मई. फर्नीचर क्लस्टर को शीघ्रता से विकसित कर विस्थापन की कार्यवाही करें, उद्योगपतियों की समस्याओं को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा, औद्योगिक क्षेत्र सिद्धगुवां में बिजली, पानी, सड़क की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी, साथ ही हवाई पट्टी विस्तार के लिए प्रयास और तेज किए जाएंगे.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के लिए प्रोत्साहन हेतु सभी आवश्यक प्रचार-प्रसार किया जाए एवं उद्योगपतियों को सभी मूलभूत



सुविधाएं मुहैया कराई जाएं, जिससे यहां उद्योग स्थापित हो सकें. उद्योगपतियों की समस्याओं के निराकरण के लिए उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध करें एवं जिला स्तर पर निराकरण योग्य समस्याओं का निराकरण किया जाए तथा राज्य शासन स्तर की समस्याओं को पत्र के माध्यम से सूचित कर उनका निराकरण कराया जाए. औद्योगिक विकास निगम के प्रबंधक पी.के. उपाध्याय द्वारा विभाग की गतिविधियों के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया. उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में 3 औद्योगिक क्षेत्रों मसवासी ग्रांट, तहसील सागर करमपुर, तहसील खुरई एवं छेवला, तहसील देवरी में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना है.

औद्योगिक क्षेत्र मसवासी ग्रांट में 608.92 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर विकास किया जा रहा है. इस औद्योगिक क्षेत्र में बहुउत्पाद, वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों द्वारा रुचि प्रदर्शित की गई है. उक्त औद्योगिक क्षेत्र में 01 रुपये प्रति वर्गमीटर प्रीमियम, 01 रुपये प्रति वर्गमीटर लीज रेंट एवं विकास शुल्क 20 समान वार्षिक किस्तों में जमा करवाकर भूमि आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है. उक्त औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होने वाली इकाइयों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाओं के साथ-साथ 05 वर्ष तक विद्युत शुल्क में छूट एवं 100 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी एवं पंजीयन शुल्क की प्रतिपूर्ति का प्रावधान है. भविष्य में इस औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार हेतु नजदीकी 05 ग्रामों बेलखादर, कुढ़ई, कुडरी, बहेरिया साहनी एवं गढ़ोलीकला में 319.19 हेक्टेयर भूमि चयनित की गई है. औद्योगिक क्षेत्र करमपुर, तहसील खुरई में 60.00 हेक्टेयर भूमि पर विकास किया जा रहा है. उक्त औद्योगिक क्षेत्र में नाली एवं सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है. सागर जिले में 02 वृहद इकाइयां भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. की बीना रिफाइनरी 49000.00 करोड़ की लागत से एवं ग्राम सौरई, तहसील बंडा में मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट लि. 435.00 करोड़ की लागत से इकाई विस्तार हेतु निर्माणाधीन हैं. जिले में वर्तमान में एमपीआईडीसी के 02 विकसित औद्योगिक क्षेत्र सिद्धगुवां एवं आई.आई.डी. बीना स्थापित हैं, जिनमें 188.24 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से 133 उद्योग स्थापित हैं.

## पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मई. कैंट थाना क्षेत्र में एसपी बंगले के सामने बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया था. घरों के बाहर खड़ी कारों में तोड़फोड़ कर इलाके में दहशत फैला दी. घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.**

पुलिस ने आरोपियों का सदर क्षेत्र में पैदल जुलूस निकाला और फिर न्यायालय में पेश किया. इस दौरान आरोपी पुलिस की मौजूदगी में अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है बोलते नजर आए. आरोपियों को देखने के लिए सड़क पर लोगों की भीड़ जमा रही. पुलिस के मुताबिक फरियादी जीशान खान निवासी 51 कैंट, एसपी बंगले के सामने ने कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में जीशान ने बताया कि



वह अपने परिवार के साथ पीलीकोठी वाले बाबा का उर्स देखने गया था. देर रातवह परिवार के साथ घर वापस लौटा. घर पहुंचने पर देखा कि नोमान अपने हाथ में डंडा लिए अपने साथियों मुन्नू उर्फ इमरान खान, एहशान खान, राहिल और समीर के साथ घर के सामने खड़ा था. जीशान के अनुसार आरोपियों ने बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने और गालियां देने से मना करने पर नोमान ने झूमाझटकी शुरू कर दी.बाकी आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी. आरोपियों ने पथराव करते हुए चार कारों के शीशे तोड़ दिए.

कैंट थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि तोड़फोड़ करने वाले सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपियों से पूछताछ की गई और उसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया. पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट ले जाने के दौरान सदर क्षेत्र में पैदल जुलूस भी निकाला.

## दो अधिकारियों की हुई पदोन्नति



नवभारत न्यूज

**सागर 20 मई. पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, में पदस्थ वरिष्ठ एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों मनोज शर्मा एवं मनोज दुबे को वरिष्ठ श्रेणी शीघ्रलेखक से प्रवर श्रेणी शीघ्रलेखक के पद पर पदोन्नत किया गया.**

इस अवसर पर आईजी मिथिलेश शुक्ला, पुलिस उपमहानिरीक्षक सागर रेंज शशीन्द्र चौहान सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों, स्टेनो डीआईजी श्रीमती सुषमा सिंह सहित कार्यालय स्टॉप अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं.

## युवा संगम कार्यक्रम

**सागर.** जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 25 मई को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर सागर में किया जाएगा. कार्यक्रम में रोजगार मेला एवं अप्रेंटिसशिप मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर विभिन्न पदों के लिए चयन किया जाएगा.

## आपकी एक आवाज पर कांग्रेस खड़ी होगी

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मई. जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों की बैठक का आयोजन किया गया. जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव और ब्लॉक अध्यक्षों ने नियुक्ति पत्र बांटें.**

इस अवसर पर श्री जाटव ने कहा कि वार्ड अध्यक्ष कांग्रेस का महत्वपूर्ण अंग होते हैं, आपकी एक आवाज पर पूरी शहर कांग्रेस खड़ी होगी आपको किसी से डरने की जरूरत नहीं है. आप एक कदम बढ़ाएंगे आपके पीछे सो खड़े रहेंगे



आपके वार्डों में जो भी समस्याएं हैं उनके लिए आप आंदोलन करें हम सब आपके साथ हैं. इस अवसर पर नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों का स्वागत किया गया. बैठक में वार्ड अध्यक्ष बनाने वाले ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, नरेंद्र मिश्रा की सराहना की.बैठक का संचालन शरद पुरोहित एवं आभार कमलेश तिवारी ने माना. बैठक में दीनदयाल तिवारी, लीलाधर सूर्यवंशी, ताहिर खान, नीलोफर अंसारी, दुलीचंद्र सकवार, संजय सराफ, महेश अहिरवार, विजय छट्टानी, अलीम तज्जू, कुंजीलाल लड़िया, विनोद कोरी मौजूद थे.

## पंचायत सचिवों पर जुर्माना

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मई. कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिभा पाल के आदेशानुसार, अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर बंडा, जैसीनगर, राहतगढ़, देवरी की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर जुर्माना लगाया.**

जारी जुमाना आदेश के अनुसार बलवंत सिंह सचिव ग्राम पंचायत औरिया जैसीनगर, कामता प्रसाद सचिव ग्राम पंचायत खैराई राहतगढ, कृष्ण कुमार तिवारी सचिव ग्राम पंचायत मानेगांव देवरी एवं गौर कृष्ण दास ठाकुर सचिव ग्राम पंचायत कंदारी बंडा पर कार्यों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने पर जुर्माना लगाया गया है.

द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अधिकार का उपयोग करते हुए, समय सीमा के अंदर निराकरण न करने, साथ ही इस हेतु पूर्व में भी पंचायत सचिवों को निर्देशित करने के उपरांत भी प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया गया हैं. कारण बताओ नोटिस का भी ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा समाधान कारक जवाब नहीं दिया गया.

## कॉलेज जा रहे दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मई. कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-44 पर सड़क हादसे में दो कॉलेज छात्रों की जान चली गई. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर ट्रक के पहियों के नीचे आ गए.**

हादसे के बाद नाराज ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया. मृतकों की पहचान सेमरा हार्ट निवासी 20 वर्षीय संजय रजक पिता महेश रजक तथा कोलुआ निवासी 20 वर्षीय नितिन अहिरवार पिता लखन अहिरवार के रूप में हुई है. दोनों छात्र बीएससी प्रथम वर्ष में



अध्ययनरत थे. बताया गया है कि दोनों बाइक से अपने गांव से सागर कॉलेज जा रहे थे. रानीपुरा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई. घटना से नाराज ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया. सूचना मिलने पर कैंट थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ. हादसे के बाद गुजरात नंबर का ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गया. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है.

## मेडिकल स्टोर बंद रख जताया रोष




नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 20 मई. औषधि विक्रेता संघ के आव्हान पर सभी मेडिकल स्टोर बंद रहे.**

दवा विक्रेताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए तहसील परिसर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा. दवा व्यापारियों का कहना है कि लंबे समय से उनकी समस्याओं और मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे मेडिकल व्यवसाय प्रभावित हो रहा है. इसी के विरोध में मेडिकल संचालकों ने एक दिन का सांकेतिक बंद रखा. इसके बाद दवा विक्रेता तहसील परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने तहसीलदार विजयकांत त्रिपाठी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में दवा विक्रेताओं से जुड़ी समस्याओं के निराकरण एवं व्यापार हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की.

## याचिका अभ्यावेदन समिति की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मई. विधानसभा भवन, भोपाल में याचिका अभ्यावेदन समिति की बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित जनहित याचिकाओं एवं अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति एवं नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने की. इस दौरान समिति के माननीय सदस्यों एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक



दिशा-निर्देश दिए गए. सभापति श्री लारिया ने बैठक में कहा कि याचिका अभ्यावेदन समिति लोकतांत्रिक व्यवस्था में आमजन की आवाज को शासन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त अभ्यावेदनों का संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को समयबद्ध राहत मिल सके. बैठक में विभिन्न विभागों के प्रकरणों पर तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त कर कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया.

## गरीब महिला की मृत्यु पर कराया गया अंतिम संस्कार

नवभारत न्यूज

**बीना 20 मई. प्रताप वार्ड निवासी 55 वर्षीय पार्वती अहिरवार के निधन के बाद समस्या खड़ी हो गई. पति विकलांग तो दूसरी ओर बच्चा नाबालिक ऐसे में दाह संस्कार की व्यवस्था कौन करें किंतु आज भी ऐसे लोगों की कमी नहीं जो समाज सेवा में आगे बढ़-चढ़कर कार्य करते हैं.**

महिला का अंतिम संस्कार करने की व्यवस्था हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने मिलकर उनका अंतिम संस्कार कर मानवीयता की मिसाल पेश की. मृतका का पति दिव्यांग है और बेटा नाबालिग है, जिसके चलते परिवार शव का अंतिम संस्कार करने में असमर्थ था. मांगकर जीवन यापन कर रहा था. परिवार मृतका पार्वती अहिरवार अपने दिव्यांग पति पूरनलाल के साथ रेलवे स्टेशन और



शनि मंदिर पर भीख मांगकर गुजारा करती थीं. उनका एक 8 वर्षीय बेटा भी है. सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान पार्वती की मौत हो गई, अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर खिदमत-ए-खल्क कमेटी के सदस्यों सहित कई समाजसेवी अस्पताल पहुंचे. युनुस सिद्दीकी, मनीष सिंघई, पार्षद बीडी रजक और अन्य लोगों ने मिलकर शव को अर्थी पर रखा और कंधा दिया. हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्वयं लकड़ियों और अन्य पूजन सामग्री की व्यवस्था की. शव को इटावा मुक्तिधाम ले जाया गया.

## प्रदेश सचिव व मुख्य प्रभारी की जिम्मेदारी

**सागर.** भीम आर्मी भारत एकता



मिशन ने धर्मेन्द्र अहिरवार को प्रदेश सचिव एवं सागर संभाग का मुख्य प्रभारी नियुक्त किया है. यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश संयोजक सुनील बैरसिया द्वारा जारी आदेश के माध्यम से की गई. श्री अहिरवार को संभाग में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने तथा सामाजिक न्याय और बहुजन समाज की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है. जारी निर्देशों के अनुसार श्री अहिरवार आगामी 10 दिनों के भीतर संभाग के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे. इस दौरान वे पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन की समीक्षा करेंगे.

## अन्न ही ब्रह्म है, भोजन का सम्मान और अन्नदान हमारी संस्कृति की आत्मा : अविराज

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मई. पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर उनके पुत्र युवा नेता अविराज सिंह ने सेवा और संस्कार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए. इस अवसर पर सीताराम रसोई में जरूरतमंदों को भोजन कराया गया तथा शिव मंदिर भूतेश्वर में पूजा-अर्चना कर समाज के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की गई.**

युवा नेता श्री सिंह ने कहा कि अन्नदान भारतीय संस्कृति में सबसे बड़ा दान माना गया है, क्योंकि संसार में धन, भूमि या वस्त्र का दान भविष्य में काम आता है, लेकिन अन्नदान ऐसा दान



है जो किसी भूखे व्यक्ति के प्राणों की तत्काल रक्षा करता है और उसे तुरंत तृप्ति प्रदान करता है. उन्होंने कहा कि किसी भूखे व्यक्ति को भोजन कराना केवल सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है. श्री सिंह ने कहा कि जब हम किसी जरूरतमंद को भोजन कराते हैं, तो हमारे भीतर विनम्रता और संवेदनशीलता का भाव उत्पन्न होता है. उन्होंने कहा कि भूख कभी किसी व्यक्ति का धर्म, जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति नहीं देखती, इसलिए अन्नदान सामाजिक समरसता और मानव समानता का सबसे बड़ा माध्यम है. भारतीय संस्कृति में भोजन को ईश्वर का स्वरूप माना गया है. उपनिषदों में कहा गया है अन्नं वै प्राण: अर्थात अन्न ही प्राण है तथा अन्नं ब्रह्म यानी अन्न ही ईश्वर है.

## दो आर्यिकाओं की समाधि

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मई. रीवा में कलेक्ट्रेट के सामने एक अत्यंत दुखद सड़क दुर्घटना में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से दीक्षित एवं आचार्य श्री समयसागर महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्याएँ आर्यिका श्री उपशममति माताजी तथा आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी को एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में दोनों आर्यिकाओं की समाधि हो गई.**

मुकेश जैन ढाना ने बताया कि आर्यिका संघ का चातुर्मास जैन शाश्वत तीर्थ क्षेत्र संवेद शिखरजी झारखंड में संपन्न हुआ था. तत्पश्चात पंचतीर्थ यात्रा करते हुए संघ सतना एवं अमरपाटन से विहार कर लगभग 15 दिन पूर्व रीवा पहुँचा था. बुधवार प्रात: आर्यिका संघ जैन मंदिर से दर्शन उपरांत विहार कर रहा था, तभी प्रयागराज से नागपुर जा रही एक ऑल्टो कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों आर्यिकाओं को टक्कर मार दी. दुर्घटना में आर्यिका श्रुतमति माताजी की समाधि प्रात: लगभग 6.15 बजे हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल आर्यिका उपशममति माताजी ने संत निवास, रीवा में सायं लगभग 4 बजे णमोकार मंत्र श्रवण करते हुए शांतिपूर्वक देह त्याग दी. बताया गया है कि दुर्घटना में शामिल ऑल्टो कार को जबलपुर जिले के बरगी थाना क्षेत्र में रोका गया तथा चालक रसीद खान को पुलिस ने हिरासत में ले लिया. वाहन में परिवार के सदस्य भी यात्रा कर रहे थे. आर्यिका उपशममति माताजी का गृहस्थ नाम वाणी जैन था. जन्म 26 मई 1979 को तमिलनाडु के चैय्यर नगर में लक्ष्मी एवं देवकुमार जैन के यहाँ हुआ था.

## डाक्टर बनकर लाभ लेने वाली महिला गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 20 मई. कोतवाली पुलिस ने फर्जी मेडिकल डिग्रियों और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर डॉक्टर बनकर नौकरी करने एवं आर्थिक लाभ अर्जित करने के मामले में 25 हजार रुपये की इनामिया महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है.**

गिरफ्तार महिला की पहचान तालाबपुरा व हाल खुरई निवासी लवीना सिंह उर्फ दीपाली गुप्ता पत्नी अभिनव सिंह के रूप में हुई है. एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में



कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्ता को गिरफ्तार किया. शिकायत उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा.रामनरेश सोनी द्वारा की गई थी. आरोप था कि अभियुक्त दंपति ने अपने रिश्तेदारों की एमबीबीएस और एमडी की डिग्रियों का दुरुपयोग कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उनके आधार पर विभिन्न अस्पतालों में डॉक्टर के पद पर नौकरी हासिल कर ली. आरोपियों ने स्वायत्तशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित अन्य संस्थानों में कार्डियोलॉजिस्ट और जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ बनकर नौकरी की तथा आर्थिक लाभ प्राप्त किया था.

पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्ता और उसके पति अभिनव सिंह ने बहनोई डा.राजीव गुप्ता एवं ननद डा.दीपाली गुप्ता के मेडिकल दस्तावेजों में कूटरचना कर फर्जी पहचान के आधार पर कई वर्षों तक अलग-अलग स्थानों पर डॉक्टर बनकर कार्य किया था.

## ट्रांसपोर्टरो की लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्त

नवभारत न्यूज

**सागर 20 मई. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कलेक्टर सभागार में खाद्य विभाग, जिले मंडी बोर्ड कृषि सहित उपार्जन समिति सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली.**

बैठक में मंत्री श्री राजपूत ने सख्त लहजे में अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से किसी भी अधिकारी की लापरवाही की शिकायत आने पर उस अधिकारी के खिलाफ सख्त से कार्यवाही की जायेगी, किसानों की किसी भी प्रकार की परेशनी




नहीं होनी चाहिए. बैठक में उन्होंने परिवहन व्यवस्था को लेकर सख्त लहजे में अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवहन व्यवस्था में लापरवाही करने वाले ट्रासपोर्टरों को या देरी करने वाले संबंधित अधिकारियों को बख्सा नहीं जायेगां. उन्होंने बैठक में कहा कि जिन किसानों के पहले सिलाट बुक हो चुके है तथा तुलाई हो चुकी है उनकी समय अवधि बढाई जायेगी. इसके साथ ही उन्होंने केसली के साईलों बेग में एक हजार क्विंटल खराब गेंहू के संबंध में कार्यवाही के अधिकारियों को निर्देश देते हुए बारदाना ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की एवं कहा कि ठेकेदार का कार्य था उसे समिति तक बारदाना पहुंचाना था लेकिन ठेकेदार द्वारा एक ही स्थान पर वारदाना रख दिया गया जिससे अव्यवस्था हुई इसको लेकर अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये. वेयर हाउस में किसानों का गेंहू जमा होते हुए उन्हें तत्काल स्वीकृति पत्रक जारी करे ताकि किसानों को जल्द से जल्द भुगतान हो सके. उन्होंने कलेक्टर को वेयर हाउस मैंनेजर पर माल न जमा करने की शिकायत पर कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये.


### आम सूचना

मैं प्रदीप लारिया आयु 60 वर्ष तनय श्री कुंदन लाल लारिया विधायक निवास पंचदेव मंदिर के पास रजाखेड़ी सागर तहसील व जिला सागर शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ। यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ, तथा मध्यप्रदेश शासन के नरयावली विधानसभा का विधायक होकर जन प्रतिनिधी हूँ। यह कि वर्ष 2005 में मैने अपना पासपोर्ट बनबाया था उक्त पासपोर्ट का क्रमांक F339574@BPLA01188105 अवधि दिनांक 28.06.2005 से 27.06.2006 तक थी। उक्त पासपोर्ट में मेरा नाम प्रदीप कुमार पिता कुंदन लाल उर्फ कुदऊ लारिया लेख है जबकि मेरे समस्त शासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम प्रदीप लारिया पिता श्री कुंदन लाल लारिया लेख है, जो सच व सही है। पासपोर्ट में उक्त नाम त्रुटि सुधार हेतु शपथ पत्र मेरी और से प्रकाशित किया जाना है।

सूचनाकर्ता
प्रदीप लारिया
पंचदेव मंदिर के पास
रजाखेड़ी सागर म.प्र.